# बड़ी फार्मा कंपनियों ने यूपी में दिखाई निवेश में रुचि

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** बल्क ड्रग्स मन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और इंडियन ड्रग मन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के तेलंगाना व आंध्रप्रदेश चैप्टर की सहभागिता से उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया। आयोजन का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को फार्मा, ड्रग तथा मेडिकल तकनीक सेक्टर के विश्वसनीय हब के तौर पर प्रदर्शित करना था।

## प्रदेश सरकार का हैदराबाद में फार्मा कॉन्क्लेव का आयोजन

कॉन्क्लेव में 100 से अधिक उद्योगपतियों, विशिष्ट वक्ताओं, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और उद्यमियों ने हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने प्रमोट फार्मा इनीशियेटिव और क्लीनिकल ट्रायल्स जैसी प्रदेश सरकार की फोकस योजनाओं के बारे में बताया। इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और सचिव औद्योगिक विकास अभिषेक प्रकाश ने निवेशक अनुकूल औद्योगिक परिदृश्य, सुदृढ़ अवस्थापना सुविधाएं, राज्य की औद्योगिक नीति, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति और फार्मास्युटिकल एवं चिकित्सा उपकरण उद्योग नीति-2023 के बारे में बताया।

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर महेश्वरी ने ललितपुर में बन रहे विशाल बल्क ड्रग पार्क तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में बन रहे मेड-टेक पार्क की जानकारी दी। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने राज्य सरकार के दस खरब डालर अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य से अवगत करवाया। भारत बायोटेक के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. कृष्णा एला ने बताया कि कैसे उत्तर प्रदेश, क्लिनिकल ट्रायल्स, विशेष केमिकल्स इत्यादि पर ध्यान केंद्रित करके एक महत्वपूर्ण फार्मा केंद्र के रूप में उभर सकता है।